# पर्यटन अध्ययन

## बीटीएस
## तृतीय वर्ष

# सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2018)

## टीएस–3, टीएस–6 और टीएस–7

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# बीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–3, टीएस–6 और टीएस–7 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।

जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) योजना बनानाः सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) संगठनः अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) प्रस्तुतिः जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

डॉ.अरविन्द कुमार दुबे<br>
कार्यक्रम संयोजक, बीटीएस

### सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी 18 सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई 18 सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| टीएस–3 | अप्रैल 15, 2018 | अक्तूबर 15, 2018 |
| टीएस–6 | अक्तूबर 15, 2018 | अप्रैल 15, 2019 |
| टीएस–7 | अक्तूबर 15, 2018 | अप्रैल 15, 2019 |

**टीएस-3 : पर्यटन में प्रबंधन**

**(अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)**

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस-3** **कार्यक्रम : बीटीएस**

**कुल अंक : 100** **सत्रीय कार्य कोड : टीएस-3/टीएमए/2018**

**नोट : किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600-600 शब्दों में दीजिये । सभी प्रश्नों के अंक समान है. अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

1. पर्यटन प्रबंधन को परिभाषित कीजिए । प्रबंधकीय कार्यों को पूरा करते समय एक प्रबंधक को कौन-कौन से विभिन्न मुद्दों से निपटना पड़ता है? 20

2.आयोजन को परिभाषित करें । आयोजन के संदर्भ में विभागीयकरण और नियंत्रण की अवधि को स्पष्ट कीजिए । 20

3. उद्यमिता से आप क्या समझते हो? उद्यमशीलता प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा करें । 20

4. संघर्ष को परिभाषित करें. एक संगठन के अन्दर के संघर्ष से निपटने के तरीकों पर चर्चा करें ।20

5. निर्णय लेने से आप क्या समझते हैं? निर्णय लेने में शामिल चरणों पर चर्चा करें । 20

6. एक बैलेंस शीट क्या है? एक बैलेंस शीट तैयार कर उसका विश्लेषण कैसे किया जाता है? 20

7. निम्नलिखित में से किन्ही चार पर संक्षेप में टिप्पणी कीजिए : 5x4=20

क) एकल स्वामित्व

ख) लाभ-अलाभ स्थिति

ग) नियंत्रण तकनीक

घ) लाभप्रदता विशलेषण

ङ) पर्यटन में जनसंपर्क

च) खाद्य सेवा विपणन

8.पर्यटक परिवहन प्रबंधन से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों की चर्चा करें.उपयुक्त उदहारण भी दीजिए। 20

9. 'अहं अवस्था' से आप क्या समझते हो? एक संगठन में पारस्परिक व्यवहार की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । 20

10. वित्तीय प्रबंधन से आप क्या समझते हैं? वित्तीय स्रोतों पर एक विस्तृत नोट लिखिए । 20

## टीएस-6 : पर्यटन विपणन

### (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस-6** **कार्यक्रम : बीटीएस**

**कुल अंक : 100** **सत्रीय कार्य कोड : टीएस-6/टीएमए/2018**

**नोट : किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600-600 शब्दों में दीजिये सभी प्रश्नों के अंक समान है. अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें.**

**1.** पर्यटन विपणन को परिभाषित कीजिए. यह एक अवधारणा के रूप में कैसे विकसित हुआ? इसकी मुख्य विशेषताओं में से कुछ पर चर्चा कीजिए | 20

**2.** पर्यटन उद्योग के विभिन्न घटकों के बीच मार्केटिंग के तरीकों पर चर्चा करें| 20

**3.** पर्यटन उत्पाद को परिभाषित कीजिए. अपनी पसंद के पर्यटन उत्पाद को डिज़ाइन करने और विकसित करने के चरणों की रूपरेखा बनाइए | 20

**4.** पर्यटन में बाजार अनुसंधान के महत्व पर चर्चा कीजिए. इसके विभिन्न चरणों पर भी चर्चा करें | 20

**5.** पर्यटन विपणन में किस हद तक प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा सकता है? उपयुक्त उदाहरणों का हवाला देते हुए वर्णन करे | 20

**6.** प्रतिस्पर्धी विश्लेषण से आप क्या समझते हैं?रणनीतिक विकल्पों को समझाइए| 20

**7.** आप स्थानीय खाद्य पदार्थों का विपणन कैसे करेंगे? खाद्योत्सव इसमें क्या भूमिका निभा सकते हैं? 20

**8.** ब्रोशर (Brochure) की क्या प्रासंगिकता है? एक प्रभावी मार्केटिंग ब्रोशर(Brochure) डिजाइन करते समय आप किन-किन बिन्दुओं पर विचार करेंगे? 20

**9.** पर्यटन विपणन हेतु गैर-सरकारी संगठन क्या भूमिका निभा सकते हैं? 20

**10.** निम्नलिखित पर लगभग 300 शब्दों में टिपण्णी कीजिए | 10x2=20

क) भारत में पर्यटन बाजार के उभरते रुझान

ख) गंतव्य नियोजन.

**टीएस-7 : मानव संसाधन विकास**

**(अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)**

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस-7** **कार्यक्रम : बीटीएस**

**कुल अंक : 100** **सत्रीय कार्य कोड : टीएस-7/टीएमए/2018**

**नोट : किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600-600 शब्दों में दीजिये । सभी प्रश्नों के अंक समान है. अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

1. कर्मचारी प्रोत्साहन से आप क्या समझते हैं? कर्मचारी प्रोत्साहन, कार्य संवर्धन और उत्पादकता के बीच संबंध को स्पष्ट कीजिए । 20
2. पर्यटन और आतिथ्य-सत्कार उद्योग के सम्बन्ध में मानव संसाधन सूचना तंत्र के महत्व की चर्चा कीजिए । 20
3. कार्मिक प्रबंधन से आप क्या समझते हैं? कार्मिक प्रबंधन के कार्य और संचालन की चर्चा कीजिए । 20
4. "एक छोटे संगठन की तुलना में एक बड़े संगठन की एच.आर.डी प्राथमिकताएं अलग होती हैं" पर्यटन और आतिथ्य-सत्कार उद्योग के सम्बन्ध में इस कथन को स्पष्ट कीजिए । 20
5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए. 4x5=20
   - क) अनुशासन प्रक्रिया
   - ख) शिकायत निवारण
   - ग) कार्य विश्लेषण(टास्क एनालिसिस)
   - घ) कर्मचारी प्रशिक्षण प्रक्रिया
6. वेतन प्रशासन के क्या-क्या घटक हैं? स्टार केटेगरी के होटलों की उभरती वेतन संरचना पर चर्चा कीजिए । 20
7. एक संगठन में कैरियर नियोजन(केरियर प्लानिंग) का क्या महत्व है? उपयुक्त उदहारण देकर केरियर नियोजन की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए । 20
8. एच. आर. प्लानिंग के गुणात्मक आयामों का वर्णन कीजिए. आतिथ्य-सत्कार में एच. आर. प्लानिंग के सुक्ष्म(माइक्रो) और वृहद(मैक्रो) स्तर के परिदृश्य की भी चर्चा कीजिए । 20
9. भर्ती प्रक्रिया से आपका क्या मतलब है? एक सेवा संगठन में नियोक्ताओं के लिए भर्ती की क्या-क्या विधियाँ उपलब्ध रहती हैं? 20
10. किन्ही दो पर संक्षिप्त टिपण्णी कीजिए : 10x2=20
   - क) कर्मचारी परामर्श की आवश्यकता
   - ख) आतिथ्य-सत्कार उद्योग में अधिष्ठापन(इंडक्शन) की प्रक्रिया
   - ग) कार्य-स्थल पर यौन-शोषण